# 06 Naxals apprehended with 04 weapons and 304 rounds

Pushing Naxals further on back foot, troop of 134 Battalion, CRPF & Jharkhand Police apprehended 6 Naxals (TPC) and recovered 4 weapons with 304 rounds in forests of Palamu in Jharkhand.



### पुलिस ने वारदात की साजिश रचते दबोचा, चार राइफल और 304 कारतूस जब्त

## टीपीसी के छह उग्रवादी गिरफ्तार

मेदिनीनगर | संवाददाता

पलामू पुलिस ने दुर्गोत्सव के दौरान वारदात की साजिश रचने में जुटे टीपीसी नक्सलियों के छह उग्रवादियों को दबोच लिया। 18 अक्तूबर की रात में गिरफ्तार किये गए उग्रवादियों के पास से पुलिस से लूटी गई .303 रेगुलर राइफल सहित .315 बोर के तीन सेमी रेगुलर राइफल, 304 कारतूस, एक खोखा, दो मोबाइल, मोटोरोला कंपनी का एक वाकी-टाकी, चार पीट्टू और 22 पोस्टर जब्त किये गए हैं।

उग्रवादियों की पहचान छतरपुर थाना के ठेकही गांव निवासी दिलीप कुमार यादव, मोहम्मदगंज थाना के कादल कुर्मी निवासी अक्षय कुमार यादव, गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के तुरमुंडा निवासी जानकी उर्फ नवल किशोर खेरवार, हुसैनाबाद थाना के मादे कचहरी निवासी पप्पू कुमार चन्द्रवंशी और इसी थाना क्षेत्र के चोर पहरा गांव के जमदी टोला निवासी सह टीपीसी एरिया कमांडर कुलदीप यादव उर्फ झारखंडी तथा बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के बारूडा थाना अंतर्गत जसौली निवासी विनोद पांडेय के रूप में किया गया है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी इंद्रजीत महथा। • हिन्दुस्तान

एसपी इंद्रजीत महथा ने शुक्रवार को प्रेस को बताया कि एएसपी अरुण कुमार सिंह, हुसैनाबाद के एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, पुलिस इंस्पेक्टर प्रभाकर सिंह, अवर निरीक्षक अजय कुमार झा, सीआरपीएफ पदाधिकारी टीएम पैंते, राज पाहन और सैट की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन जगह से प्रतिबंधित टीपीसी उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के खिलाफ पिपरा थाना कांड संख्या 44/18-निर्माण कार्य मे लगे मुंसी का टीपीसी उग्रवादियों द्वारा अपहरण, विश्रामपुर थाना कांड संख्या 65/17-टीपीसी उग्रवादियों द्वारा रंगदारी मांगना और नहीं देने मारपीट और तोड़फोड़ करना, छतरपुर कांड संख्या 80/18-पुलिस बल पर जानलेवा हमला करना और अवैध आग्नेयास्त्र के साथ पकड़ा जाना, हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 250/18 टीपीसी उग्रवादियों द्वारा रात में हथियार के साथ लैश होकर घर में घुसकर मारपीट करना व रंगदारी की मांग करना मामला दर्ज है।

मोहम्मदगंज थाना के काशीसोत, सिंघना और बटौवा इलाके की घेराबंदी करके उग्रवादियों को दबोचा गया है। खुफिया रिपोर्ट में दस-पन्द्रह उग्रवादियों के उन इलाकों में मौजूदगी की सूचना थी। परंतु कार्रवाई के क्रम में अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले जिन्हें पकड़ने के लिए विशेष अभियान छेड़ दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों पर पहले से अपहरण, मुठभेड़, आगजनी और लूट जैसे आधे दर्जन मामले दर्ज हैं। पकड़ा गया टीपीसी का नक्सली बिहार निवासी विनोद पांडेय पहले ट्रक चलाता था। वह चतरा जिले के टीपीसी के उग्रवादी के संपर्क में था।

**सफलता**

- 18 अक्तूबर की देर रात की गई सभी की गिरफ्तारी
- पकड़े गए उग्रवादियों पर दर्जनों केस दर्ज हैं



मोहम्मदगंज थाना के समीप उग्रवादियों के जमा होने की सूचना पर कार्रवाई में हुई गिरफ्तारी

# चार राइफल व भारी मात्रा में कारतूस के साथ टीपीसी के 6 उग्रवादी धराए

भास्कर न्यूज | मेदिनीनगर

गुप्त सूचना के आधार पर मोहम्मदगंज थाना के काशीसोत डैम के पास से टीपीसी के छह उग्रवादियों को भारी संख्या में हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

पलामू एसपी इंद्रजीत महथा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि टीपीसी उग्रवादी काशीसोत डैम की ओर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए जमा हो रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान अरुण कुमार सिंह व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार मेहता के नेतृत्व में सीआरपीएफ के 134 बटालियन के प्रभाकर सिंह व मोहम्मदगंज थाना पुलिस काशीसोत डैम के सिंगना बटउवा क्षेत्र में ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन दल में शामिल पुलिस कर्मी जब काशीसोत डैम के नजदीक पहुंचे तब उन्हें 15 की संख्या में हथियार व पिट्ठू के साथ उग्रवादी दिखे। इसके बाद पुलिस चार टीम में बंटकर उग्रवादियों को घेरने लगी।

इसी क्रम में पुलिस ने कुलदीप यादव व विनोद पांडेय को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य उग्रवादी कादल पहाड़ी की ओर भाग गए। इसकी बीच पुलिस को फिर से सूचना मिली कि उग्रवादी कादल पहाड़ी के पास अक्षय यादव के मच्छान के पास देर रात जमा हुए हैं। ऑपरेशन दल में शामिल पुलिस टीम बुधवार व गुरुवार की आधी रात अक्षय यादव के मच्छान को घेर लिया। वहां पुलिस को अक्षय यादव हथियार के साथ मिला। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जानकी सिंह खरवार भी हथियार के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस दोनों के निशानदेही पर दिलीप यादव व पप्पू चन्द्रवंशी को कालापहाड़ के ठेकही मोड़ से रात में ही गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि कुलदीप यादव टीपीसी का एरिया कमांडर है। उसने पुलिस को अपने स्वीकारोक्ति बयान में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।



प्रेसवार्ता में इंद्रजीत महथा, गिरफ्तार टीपीसी के उग्रवादी व बरामद हथियार।

## बरामद हथियार व अन्य सामान

एसपी ने बताया कि उग्रवादियों के पास से पुलिस से लूटी गई एक राइफल, 3 सेमी रेगुलर राइफल, 304 कारतूस, एक खोखा, मोटोरोला कंपनी का एक वाकी टॉकी, दो मोबाइल, पांच पिट्ठू और 22 पीस उग्रवादी पोस्टर बरामद किया गया है।

## आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार टीपीसी उग्रवादी पुलिस पर हमला करने, रंगदारी मांगने, निर्माण कार्य में लगे मुंशी का अपहरण करने, मारपीट करने समेत कई उग्रवादी कांड में आरोपी है। पिपरा थाना, विश्रामपुर थाना, छतरपुर थाना व हुसैनाबाद थाना में इन उग्रवादियों के खिलाफ मामला दर्ज है।

## गिरफ्तार उग्रवादियों का नाम

छतरपुर थाना के ठेकही गांव निवासी दिलीप कुमार यादव, मोहम्मदगंज थाना के कादलकुंभी गांव के अक्षय कुमार यादव, गढ़वा चिनिया थाना के तुरमुंडा गांव के जानकी खेरवार, बिहार मुजफ्फरपुर के बरराज थाना के जशोली गांव निवासी विनोद पांडेय, हुसैनाबाद मादे कचहरी गांव के पप्पू कुमार चंद्रवंशी व हुसैनाबाद के चोरपहरा टोला के कुलदीप यादव का नाम शामिल है।